दैनिक भारत कि

# तामीर

संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com

बीड (महाराष्ट्र) | वर्ष-१ ला | अंक-२६५ वा | शुक्रवार २५ एप्रिल २०२५ | RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 | किमत : २ रूपये | पन्ने - ४

## असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को काली पट्टी बांधने की अपील की



नई दिल्ली, प्रतिनिधि ।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM²) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार के दिन देशभर के मुसलमानों से अपील की है कि वे कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए अपने कंधों पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएं।

ओवैसी ने कहा कि हाल ही में पहलगाम में आतंकियों ने २८ निर्दोष नागरिकों की बेरहमी से हत्या की है, और इस जघन्य कृत्य के पिछे पड़ोसी देश की आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का हाथ है। उन्होंने कहा कि इस नरसंहार के खिलाफ सामूहिक विरोध दर्ज कराना आवश्यक है। उन्होंने मुसलमानों से आग्रह किया कि इस दर्दनाक घटना के विरोध में शुक्रवार को नमाज़ के दौरान काली पट्टी बांधकर अपनी नाराज़गी और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का प्रदर्शन करें।

# दहशतगर्द मानवता के दुश्मन हैं, ऐसे लोगों का इस्लाम और मुसलमानों से कोई लेना-देना नहीं-पूर्व सांसद मोहम्मद अदीब

## आईएमसीआर के कार्यालय में पहलगाम हमले के पीड़ितों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**नई दिल्ली, २५ अप्रैल (प्रतिनिधि): हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए पर्यटकों की याद में इंडियन मुस्लिम्स फॉर सिविल राइट्स (आईएमसीआर) के मुख्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हमले की तीव्र निंदा की गई और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की गई। आईएमसीआर के अध्यक्ष और पूर्व सांसद मोहम्मद अदीब ने कहा, जो लोग निर्दोषों को निशाना बनाते हैं, वे न सिर्फ इस्लाम और मुसलमानों के बल्कि पूरी मानवता के दुश्मन हैं। ऐसे लोगों का इस्लाम से कोई नाता नहीं है। उन्होंने कहा कि यह समय राजनीति करने का नहीं, बल्कि पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ खड़े होने का है।**

मोहम्मद अदीब ने इस बात पर भी चिंता व्यक्त की कि घटना के दौरान पर्यटकों को जबरन 'कलमा' पढ़वाने की जो खबरें आ रही हैं, वह बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा, राम का नाम लेकर भीड़ द्वारा लिंचिंग करने वाले और जबरन कलमा पढ़वाने वाले दोनों एक ही मानसिकता के लोग हैं जो अपने-अपने धर्म को बदनाम कर रहे हैं।

इस अवसर पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना फज़लुर्रहीम मद्दिदी ने कहा कि इस्लाम निर्दोषों पर हमले की इजाज़त नहीं देता।



उन्होंने इस्लामी इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि मुस्लिम सेनाओं को युद्ध के दौरान भी महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और फसलों को नुकसान न पहुंचाने के सख्त निर्देश होते थे।

तेलंगाना से एमएलसी और 'सियासत' अखबार के संपादक आमिर अली खान ने कहा कि बीते ४० वर्षों में कभी भी पर्यटकों को इस प्रकार निशाना नहीं बनाया गया था। उन्होंने कहा, इस हमले को अंजाम देने वाले मुस्लिम नहीं हो सकते।

एपीसीआर के राष्ट्रीय सचिव नदीम खान ने इस हमले को कायरतापूर्ण बताते हुए कहा कि इसके बहाने देश के विभिन्न हिस्सों में कश्मीरी छात्रों को निशाना बनाना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने संबंधित प्रशासन से अपील की कि वे निर्दोष कश्मीरियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और राष्ट्र की एकता को चुनौती देने वालों पर सख्त कार्रवाई करें।

गांधीवादी विचारक प्रोफेसर विपिन कुमार त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे लोग पूरी मानवता के दुश्मन हैं और हम सभी पीड़ितों के परिवारों के साथ इस दुख की घड़ी में खड़े हैं। उन्होंने सरकार से दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा देने की मांग की।

इस श्रद्धांजलि सभा में सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद मोहम्मद इलियास सैफी, हैदराबाद कांग्रेस के सचिव एजाज़ अहमद, वरिष्ठ पत्रकार अंजर अलबारी, सामाजिक कार्यकर्ता कनिज़ फातिमा, शहला खातून, पत्रकार अब्दुलबारी मसूद, मोहम्मद खालिद समेत अनेक सामाजिक, शैक्षणिक और मीडिया जगत की हस्तियां उपस्थित थीं।

## विवेक जॉन्सन ने बीड़ जिलाधिकारी पद का कार्यभार संभाला

बीड, २४ अप्रैल (संवाददाता): भारतीय प्रशासनिक सेवा के २०१८ बैच के अधिकारी श्री विवेक जॉन्सन ने बुधवार को बीड़ जिले के जिलाधिकारी के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने के उपरांत निवासी उपजिलाधिकारी शिवकुमार स्वामी ने प्रशासन की ओर से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्व विभाग के तहसीलदार नरेंद्र कुलकर्णी समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।



श्री जॉन्सन इससे पूर्व चंद्रपुर जिला परिषद में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। प्रशासनिक सेवा में आने से पहले उन्होंने यांत्रिकी (मैकेनिकल) इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। परिवीक्षा काल के दौरान वे माजलगांव नगर परिषद में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त रहे।

संक्षिप्त परिचय:

केरल के पलक्कड़ स्थित एनएसएस महाविद्यालय से यांत्रिकी इंजीनियरिंग में स्नातक

वर्ष २०१६ में भारतीय राजस्व सेवा (खठड) में चयनित, बाद में २०१८ में ख-ड में नियुक्त

चंद्रपुर में कार्यकाल के दौरान ३२ स्वास्थ्य केंद्रों का स्मार्ट हेल्थ सेंटर में रूपांतरण मिशन 'सक्षम' के अंतर्गत खगोलीय प्रयोगशालाएं और ८ विज्ञान पार्क स्थापितमहिला बचत समूहों के लिए १० विशेष मॉल का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ५००० किमी सड़क निर्माण

ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु १६ कृषि माल गोदामों की स्थापना

प्रमुख सम्मान:

बच्चों के लिए कार्यो के मद्देनज़र बालस्नेही' पुरस्कार

लोकाभिमुख प्रशासन के लिए महाराष्ट्रीयन ऑफ द ईयर २०२३' सम्मान ग्रामीण जीवन सुधार हेतु स्कॉच पुरस्कार' से सम्मानित

## पहलगाम हमले के बाद अब तक ५०० पर्यटक महाराष्ट्र लौटे, दो विशेष विमानों से वापसी, शुक्रवार को और एक विमान लाएगा २३२ यात्री

रिपोर्ट: जमीर काज़ी, मुंबई । २५ अप्रैल

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद महाराष्ट्र सरकार की तत्परता से अब तक करीब ५०० पर्यटक राज्य में सुरक्षित लौट चुके हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर इंडिगो और एयर इंडिया की दो विशेष उड़ानों के ज़रिए १८४ पर्यटक मुंबई पहुंचे। सरकार शुक्रवार को एक और विशेष विमान के माध्यम से २३२ यात्रियों को वापस लाने की तैयारी में है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना के तुरंत बाद आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन को कश्मीर रवाना किया था। गुरुवार को गिरीश महाजन से पूरी स्थिति की जानकारी लेने के बाद मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि, यदि और विमानों की जरूरत हो, तो तत्काल व्यवस्था करें, खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

गिरीश महाजन ने सेना के अस्पताल में भर्ती घायल पर्यटकों से मुलाकात की, इस दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस ने वीडियो कॉल के माध्यम से पर्यटकों से बात की और इलाज कर रहे डॉक्टरों का आभार जताया।

पर्यटकों की वापसी के लिए राज्य सरकार ने तीन स्तरों पर काम शुरू किया है - मंत्रालय, मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली स्थित महाराष्ट्र सदन की विशेष टीम। महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों से मिल रही अपीलों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

कुछ पर्यटकों के लिए जम्मू के कालिका धाम में ठहरने की व्यवस्था की गई है। अमरावती के लगभग १४ पर्यटक वहां रुके थे। कई पर्यटक जम्मू से दिल्ली की ओर निजी व्यवस्था से रवाना हुए, जिनके लिए दिल्ली में ठहरने की सुविधा दी जा रही है। शुक्रवार को जो विशेष विमान आने वाला है, उसमें अकोला और अमरावती के पर्यटक शामिल होंगे।

दिल्ली स्थित महाराष्ट्र सदन में पर्यटकों की सूची तैयार की जा रही है और ज़रूरत पड़ने पर अगले दिन भी विशेष विमान भेजने की योजना तैयार है। राज्य सरकार इस पूरी प्रक्रिया पर लगातार नज़र बनाए हुए है।

# बीड़ में जलाई गई एकता की मोमबत्ती: पहलगाम के खून से धर्म और राजनीति को मत रंगो-प्रगतिशीलों का संदेश

बीड़, प्रतिनिधि ।

पहलगाम हमले में २७ निर्दोष नागरिकों की जान लेने वाले आतंकवादियों ने न केवल देश की एकता पर चोट की है बल्कि कश्मीर के रोजगार को भी नुकसान पहुंचाया है। इस हिंसक घटना के विरोध में पूरा देश एकजुट हो रहा है।

आतंकी हमले के खिलाफ देश के मुसलमान भी खुलकर सामने आ रहे हैं और स्पष्ट कर रहे हैं कि यह इस्लाम की शिक्षा नहीं हो सकती। ऐसे लोगों का इस्लाम से कोई लेना-देना नहीं है। धर्म पूछकर हमला करने वाले आतंकवादी जिस विचारधारा को फैलाना चाहते हैं, उसी बयानबाज़ी का कुछ लोग राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन यह समय आपसी विवाद बढ़ाने का नहीं, बल्कि एकजुट होकर आतंक और उसकी विचारधारा का विरोध करने का है।






इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए बीड़ शहर के छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पास सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सलोख्याची मेणबत्ती' (एकता की मोमबत्ती) जलाकर यह संदेश दिया कि हम एक थे, हैं और रहेंगे। इस दौरान निर्दोष मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और राष्ट्रगान के साथ इस शांति कार्यक्रम का समापन हुआ।

उपस्थित प्रमुख चेहरे:

आनंदग्राम के दत्ता भाऊ बारगजे

शेख शफीक भाऊ, खुर्शीद आलम

सीए बीबी जाधव, संपादक कामरान भाई

संपादक काज़ी मखदूम, उपनगर अध्यक्ष नसीम भाई

शिव व्याख्याता अभिषेक साळुंके, कोमल मस्के

फारुकी, अनामिका शेख, नदीम सर

शरद पवार गुट के वरिष्ठ मार्गदर्शक उद्धव म्हेत्रे

तथा कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विशेष पहल: भागवत तावरे

घटना को लेकर कुछ तत्वों द्वारा पूरे मुस्लिम समाज को कटघरे में खड़ा करने के प्रयासों को देखते हुए भागवत तावरे ने तत्काल सलोख्याची भूमिका (सौहार्द्र की भूमिका) अपनाई और संवाद के माध्यम से सामाजिक शांति का संदेश देने के लिए मोमबत्ती कार्यक्रम का आयोजन किया। उनके आह्वान पर शहर के सामाजिक प्रतिष्ठित लोग कम समय में ही एकत्र हो गए।

मुख्य वक्तव्यों की झलक:

आतंक इस्लाम की शिक्षा नहीं - काज़ी मखदूम

भारत भाईचारे का देश है - दत्ता बारगजे

समाज में दरार नहीं पड़ने देंगे - संपादक कामरान

हमने हिंदुस्तान को दिल से अपनाया है - शफीक भाऊ

इस हमले से मोदी सरकार पर विश्वास टूटा - दादासाहेब मुंडे

मराठा क्रांति मोर्चा सदैव एकता के लिए समर्पित - बीबी जाधव

आतंकियों के टुकड़े कुत्तों को दे दो - फारुकी

मासूमों की कुर्बानी को नहीं भूलेंगे - खुर्शीद आलम

राष्ट्रीय सुरक्षा कहां है? - कोमल मस्के

हमले की जमात-ए-इस्लामिक हिंद द्वारा निंदा

यह हमला हमें बांट नहीं सकता - उद्धव म्हेत्रे

## उर्दू दैनिक तामीर के २५ वे साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# अंगदान की प्रक्रिया को और सरल बनाया जाएगा-स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आंबितकर

## नासिक में नया क्षेत्रीय अंग प्रत्यारोपण समन्वय केंद्र स्थापित होगा

मुंबई, २४ अप्रैल (अज़ीज़ अइजाज़):

स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आंबितकर ने कहा है कि अंग प्रत्यारोपण के लिए आवश्यक अस्पतालों के पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा और विभागीय प्राधिकरण समितियों के माध्यम से जीवित अंगदान की अनुमति की प्रक्रिया को भी सुगम किया जाएगा। उन्होंने यह जानकारी अंग प्रत्यारोपण को लेकर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान दी।

बैठक गुरुवार को आरोग्य भवन में हुई, जिसमें अंग प्रत्यारोपण प्रणाली और जागरूकता अभियान पर चर्चा की गई। मंत्री आंबितकर ने बताया कि राज्य के नासिक, अमरावती, कोल्हापुर और सोलापुर में नए क्षेत्रीय अंग प्रत्यारोपण समन्वय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। साथ ही राज्य भर में अंगदान को लेकर जनजागृति अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि १ मई को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर अंगदान करने वाले व्यक्तियों और उनके परिजनों को जिला स्तर पर पालक मंत्री और जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अंग प्रत्यारोपण चिकित्सकों और समन्वयकों के लिए विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा।

मंत्री आंबितकर ने यह भी घोषणा की कि मेडिकल एजुकेशन विभाग द्वारा 'क्रिटिकल मेडिसिन में फेलोशिप' नामक पीजी कोर्स तुरंत शुरू किया जा रहा है। साथ ही सरकारी अस्पतालों में मानव अंग संरक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे और वहां समन्वयक नियुक्त किए जाएंगे।

इस बैठक में भाजपा विधायक देवीयानी फरांडे, स्वास्थ्य विभाग के सचिव डॉ. निपुण नायक, स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. नितीन अंबाडेकर, मेडिकल एजुकेशन की संयुक्त निदेशक डॉ. पल्लवी सापले, ह्यूमन ऑर्गन ट्रांसप्लांट मेडिकल ऑफिसर और विधि एवं न्याय विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

श्रम बीमा अस्पताल होंगे अत्याधुनिक

एक अन्य बैठक में मंत्री प्रकाश आंबितकर ने श्रम बीमा योजना के अंतर्गत राज्य के सभी अस्पतालों के इन्फ्रास्ट्रक्चर और मशीनरी को आधुनिक तकनीक से युक्त करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने निर्देश दिए कि राशन दुकानदारों, क्रेडिट यूनियनों और शिक्षकों को भी श्रम बीमा योजना का लाभ सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।

मंत्री ने यह भी कहा कि अस्पतालों में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी और डायलिसिस जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# मिल्लिया गर्ल्स हाई स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए मिला आयएसओ ९००१ सर्टिफिकेट

बीड़, प्रतिनिधि।

अंजुमन इशाअत-ए-तालीम बीड़ के अंतर्गत संचालित मिल्लिया गर्ल्स हाई स्कूल व जूनियर कॉलेज बीड़ को शिक्षा के क्षेत्र में उसकी सराहनीय गतिविधियों और शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए खडज ९००१ सर्टिफिकेशन से सम्मानित किया गया है। यह ३१ूत्रअकिट स्कूल द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन और बालिकाओं की शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार के प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है।

मिल्लिया गर्ल्स हाई स्कूल जिला बीड़ का एकमात्र अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त बालिका विद्यालय है, जो केंद्र और राज्य सरकार की शैक्षणिक योजनाओं के अनुसार बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इन पहलों के माध्यम से स्कूल ने छात्राओं के बीच शैक्षणिक उत्कृष्टता की मिसाल कायम की है। स्कूल को पूर्व में भी जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।

यूनाइटेड एक्रिडिटेशन मैनेजमेंट लाइसेंसिंग सर्विसेज एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक मानकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु खडज ९००१ सर्टिफिकेशन प्रदान करती है। इस संस्था ने स्कूल द्वारा:

राष्ट्रीय और राज्य शैक्षणिक नीति के प्रभावी अमल,

सामाजिक प्रतिबद्धता और राष्ट्रीय एकता की भावना का विकास,

छात्राओं की प्रतियोगी परीक्षाओं में भागीदारी,

कक्षा १०वीं व १२वीं में उत्कृष्ट परिणामों की परंपरा,

अल्पसंख्यक समुदाय की छात्राओं को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना,

कंप्यूटर आधारित वैज्ञानिक दृष्टिकोण का निर्माण,

रोज़मर्रा की गतिविधियों में गुणवत्ता और नवाचार,

जैसे प्रयासों को सराहा है और इसके चलते स्कूल को खडज ९००१ का मान्यता प्रमाणपत्र दिया गया है।

इस अवसर पर संस्था की सचिव श्रीमती खान सबीहा बेगम ने सभी शिक्षकों को बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा दी। डॉ. सलीम बिन अहमद बिन महफूज ने स्कूल की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा मिशन सफल होता दिख रहा है और उन्होंने स्कूल के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# आतंकवादियों को मौके पर मार गिराया जाए, मोने, जोशी और लेले परिवारों की एक स्वर में मांग

रिपोर्ट: जमीर काज़ी, मुंबई ।

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए डोंबिवली निवासी अतुल मोने, हेमंत जोशी और संजय लेले के परिजनों ने आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि सरकार उन्हें शूट एट साइट' के आदेश दे। परिवार के सदस्यों ने मीडिया से बातचीत में उस भयावह हमले का आंखों देखा हाल साझा किया।

इस हमले में २७ लोगों की मौत हुई थी, जिनमें ६ महाराष्ट्र के पर्यटक शामिल हैं। गुरुवार को मुंबई लौटने के बाद मृतकों के परिजनों ने पत्रकारों से बातचीत में पूरी घटना की जानकारी दी।

घटना का विवरण हर्षल लेले की जुबानी

संजय लेले के बेटे हर्षल लेले ने बताया, हम २१ तारीख को पहलगाम पहुंचे थे। दोपहर १ बजे के करीब अचानक गोलियों की आवाज़ सुनाई दी। पहले हमने ध्यान नहीं दिया, लेकिन गोलियां तेज़ होती गईं। कुछ ही देर में आतंकवादी हमारे पास आ गए। उन्होंने हमसे पूछा - हिंदू और मुसलमान अलग हो जाओ। मेरे मामा ने विनती की - हमें जाने दीजिए, हम कुछ नहीं करेंगे। तभी आतंकियों ने उन्हें गोली मार दी। मेरे पिता ने हाथ ऊपर उठाया तो सीधे उनके सिर में गोली मारी गई। उस वक्त मेरा हाथ उनके सिर के पास था, मुझे लगा मुझे भी गोली लगी है। मैं नीचे गिर गया। बाद में पता चला कि गोली मेरे हाथ पर लगी थी। जब उठकर देखा तो पिताजी का सिर खून से लथपथ था।

हर्षल ने बताया कि स्थानीय लोगों ने महिलाओं को घोड़े पर बैठाकर और पुरुषों को पैदल सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। उन्हें अस्पताल में प्राथमिक उपचार मिला और फिर पुलिस कंट्रोल रूम में ले जाया गया, जहां गृह मंत्री अमित शाह ने सभी घायलों और परिजनों से बातचीत की। सुबह ७ बजे उन्हें बताया गया कि उनके तीनों रिश्तेदारों की मौत हो चुकी है। हर्षल ने यह भी कहा कि उन्होंने हमले के दौरान दो आतंकवादियों को अपनी आंखों से देखा। अनुष्का मोने की आपबीती

पर्यटक अनुष्का मोने ने बताया, हम सभी बहुत खुश थे, फोटो खींच रहे थे। तभी अचानक आतंकी आ गए। उन्होंने पूछा, हिंदू कौन है?' और हमारे सामने सबको मार दिया। हम कुछ भी नहीं कर सके। वे कह रहे थे - 'तुम लोग यहां आतंक मचाने आते हो!' उनका गुस्सा पर्यटकों पर साफ दिख रहा था।

परिजनों ने सरकार से मांग की है कि ऐसे दरिंदों को बख्शा न जाए और सीधे गोली मारने के आदेश दिए जाएं।

# बहुचर्चित महालक्ष्मी कला केंद्र पर पुलिस की छापेमारी, देह व्यापार का भांडाफोड़, १० पीड़ित महिलाएं रिहा



केज, २४ अप्रैल (प्रतिनिधि):

केज-बीड रोड पर स्थित चर्चित महालक्ष्मी कला केंद्र पर गुरुवार तड़के पुलिस ने छापा मारकर देह व्यापार का पर्दाफाश किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और १० पीड़ित महिलाओं को मुक्त कराया गया है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक नवनीत कॉवत के आदेश पर की गई। उन्हें सूचना मिली थी कि कला केंद्र की आड़ में देह व्यापार का धंधा चल रहा है। इसके बाद नियंत्रण कक्ष की सहायक पुलिस निरीक्षक मधुसूदन घुगे और अनैतिक मानव व्यापार प्रतिबंधक शाखा की सहायक पुलिस निरीक्षक वर्षा व्हागाडे की टीम को कार्रवाई का निर्देश दिया गया।


गुरुवार, २४ अप्रैल की सुबह करीब ३:३० बजे एक नकली ग्राहक को केंद्र में भेजकर पुष्टि करने के बाद पुलिस टीम ने अचानक छापा मारा। इस दौरान वहां से १० महिलाओं को छुड़ाया गया, जिन्हें देह व्यापार के लिए मजबूर किया जा रहा था।

इस प्रकरण में सत्वशील बाबासाहेब अंधारे (निवासी स्वरसंगम कॉलोनी, बीड़), आदित्य सत्वशील अंधारे (निवासी स्वरसंगम कॉलोनी, बीड़), और मयूर बाबुराव अंधारे (निवासी उद्यनगर, धारूर) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार जिले में कुछ अन्य स्थानों पर भी कला केंद्र के नाम पर इसी प्रकार के रैकेट सक्रिय हो सकते हैं। आगे की जांच जारी है।

# यूपीएससी परीक्षा में बीड़ ज़िले के होनहारों का परचम लहराया, मंत्री पंकजा मुंडे ने दी शुभकामनाएं








बीड़, २३ अप्रैल (प्रतिनिधि):

संघ लोक सेवा आयोग (णझडउ) की हालिया घोषित परीक्षा में बीड़ ज़िले के भूमिपुत्रों ने उत्कृष्ट सफलता अर्जित की है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर महाराष्ट्र सरकार में पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और पशुसंवर्धन मंत्री पंकजा मुंडे ने सफल अभ्यर्थियों को दिल से बधाई दी है।

मंत्री मुंडे ने कहा कि परळी तालुका के गोपीनाथगढ़ (पांगरी) निवासी अक्षय संभाजी मुंडे, पाटोदा तालुका के डॉ. पंकज आवटे, और बीड़ शहर के डॉ. सुशील गीते ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उत्तम रैंक प्राप्त कर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा- आपकी यह सफलता समस्त बीड़ जिले के लिए गर्व की बात है। देश के आम नागरिकों की सेवा अब आपके हाथों से होगी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। आप सभी को पुनः हार्दिक शुभकामनाएं और उज्जवल भविष्य के लिए ढेरों शुभेच्छाएं!

# पहलगाम में पर्यटकों पर हमले की जमीयत उलेमा महाराष्ट्र ने की कड़ी निंदा, कहा-यह बेहद नफरत अग्रेज और कायराना हमला है



मुंबई, २३ अप्रैल २०२५ (प्रेस विज्ञप्ति):

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए जमीयत उलेमा महाराष्ट्र के अध्यक्ष मौलाना हाफिज मोहम्मद नदीम सिद्दीकी ने इसे बेहद नफरत अग्रेज और कायराना हमला बताया है। उन्होंने कहा कि इस आतंकवादी घटना की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है और इसमें शामिल सभी दोषियों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द सज़ा दी जानी चाहिए।

आज जमीयत उलेमा महाराष्ट्र के कार्यालय से जारी बयान में मौलाना नदीम सिद्दीकी ने कहा कि राज्य से बाहर से आए पर्यटकों पर की गई अंधाधुंध फायरिंग एक ऐसा नापाक प्रयास है जिसका उद्देश्य कश्मीर की शांति और सौहार्द को तहस-नहस करना है। इस हमले ने पूरे देश को सदमे में डाल दिया है।

मौलाना सिद्दीकी ने कहा, आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता। वे अपने नापाक मंसूबों को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने हमेशा आतंकवाद का हर स्तर पर विरोध किया है और देशभर में आतंकवाद विरोधी सम्मेलन आयोजित कर लोगों को जागरूक किया है।

उन्होंने सरकार से मांग की कि इस अमानवीय हमले में शामिल सभी लोगों की जल्द से जल्द पहचान कर उन्हें उनके अपराध की सज़ा दी जाए, साथ ही मृतकों के परिजनों को उचित मुआवज़ा और घायलों के इलाज की सहूलियत फौरी दे।

# सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकासकों के लिए जिला स्तर पर टास्क फोर्स गठित होगा-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

## सौर कृषि वाहिनी योजना २.० की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

मुंबई, विशेष प्रतिनिधि ।

कृषि पंपों के लिए किसानों को दिन के समय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु लागू मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना २.० महाराष्ट्र राज्य की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है। इस वर्ष ७००० मेगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जबकि केंद्र सरकार ने १०० दिनों में ६९० मेगावॉट का लक्ष्य दिया था, महाराष्ट्र ने इससे अधिक ७४६ मेगावॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन कर समय से पहले लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।

हालांकि, कुछ क्षेत्रों में वन, पर्यावरण और सुरक्षा संबंधी अड़चनों के चलते विकासकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं को हल करने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जिला स्तर पर टास्क फोर्स गठित करने के निर्देश दिए हैं।

सह्याद्री अतिथि गृह में आयोजित इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र ने सौर ऊर्जा परियोजनाओं में देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन हो और उसमें पुलिस अधीक्षक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी शामिल हों। यह समिति हर माह बैठक कर तकनीकी व प्रशासनिक समस्याओं का समाधान करे।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आदिवासी किसानों को योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग को उनके वन पट्टों को वैधानिक कराने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह इको फ्रेंडली परियोजना है, इसलिए वन भूमि को इस प्रकार के उपयोग के लिए अनुमति देने पर सरकार सकारात्मक निर्णय लेगी। उन्होंने वन एवं पर्यावरण विभाग से आग्रह किया कि किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त प्रस्ताव सरकार के सामने पेश करें।

बैठक में उपस्थित प्रमुख अधिकारी:

अपारंपरिक ऊर्जा मंत्री अतुल सावे

राज्य मंत्री मेघना साकोरे-बोर्डीकर

मुख्य सचिव सुजाता सौनिक

ऊर्जा विभाग की अपर मुख्य सचिव आभा शुक्ला

राजस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव राजेश कुमार

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अश्विनी भिडे

सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी

ग्रामविकास विभाग के प्रधान सचिव एकनाथ डवले

महावितरण के एमडी लोकेश चंद्रा

महापारेषण के एमडी डॉ. संजीव कुमार

महानिर्मिती के एमडी डॉ. राधाकृष्णन बी

तथा राज्य में कार्यरत विभिन्न सौर ऊर्जा कंपनियों के प्रमुख प्रतिनिधि।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि सितंबर २०२६ तक सभी सौर ऊर्जा फीडरों का कार्य पूरा किया जाए।

# जला कर मारने के आरोप से पूनम लूणिया बरी, कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में सुनाया फैसला

बीड, २४ अप्रैल (प्रतिनिधि):

२५ नवंबर २०१८ को आश्टी तहसील के रूई नालकोल गांव में कथित तौर पर अपनी जाऊ (भाभी) को जला कर मारने के आरोप में फंसी पूनम दत्ता लूणिया को जिला मुख्य सत्र न्यायालय, बीड़ ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।



इस मामले में मनीषा सचिन लूणिया ने आश्टी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि सुबह ५ बजे के करीब उसकी जाऊ पूनम ने उस पर रॉकेल डालकर उसे जलाने की कोशिश की। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने पूनम लूणिया के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा ३०७ (हत्या का प्रयास) और ३०२ (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया था।

मुकदमा बीड़ मुख्य सत्र न्यायालय में चला, जिसमें आज दिनांक २४ अप्रैल २०२५ को न्यायालय ने अभियोजन पक्ष की ओर से पर्याप्त सबूत न होने के कारण पूनम लूणिया को दोषमुक्त घोषित कर दिया। मुल्जिम पूनम लूणिया की ओर से अधिवक्ता अज़हर अली ने न्यायालय में प्रभावी तरीके से पक्ष रखा।

दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटरर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharashtra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com